# CLASS 10 (SCIENCE)

1. PREPARE 10 SAMPLE PAPERS AS PER CBSE NEW PATTERN
2. PRACTICE FOR MCQ AND PRACTICAL BASED QUESTIONS.

# Holiday H.W. Winter break - 2019-20

## Class - X (A+B) English.

1. Write two stories giving suitable title and Moral.
2. Write one complaint letter and one enquiry letter.
3. Solve two sample papers of 80 Marks duration of 3 hrs.
4. Write the summary of 'Bal Poem' and 'Amanda'.

Sub. Tr.

# Holiday Home work (Winter Break - 19-20)

## Class-X

1) To Prepare for Third Periodic test from whole syllabus.
2) To solve at least five sample paper for board point of view.
3) To do the 15 activity in maths lab.
4) To Practice more and more to solve previous year question paper.
5) To solve study material that given to you by KVS.
6) If you have face any Problem contact at. ~~7354~~ 7355147662.

Dashrath (TGT maths)

(S.ST)

Class - X A & B.

Holiday Home work (Winter Break)
(2019-20)

1. Solve Practice Paper

2. Solve 3 CBSE Sample Paper

3. Read (Prepare) all lesson which have been taught for P.T. 3 Exam and make Short/MCQ question and answer from each lesson.

CS Scanned with CamScanner

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 1 (2019-20)

## हिन्दी - अ (कोड-002)

## कक्षा-10

**निर्धारित समय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देशः-**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
2. सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

---

## खण्ड-क (अपठित अंश) 10

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िये और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 10

वन प्रकृति की अमूल्य संपदा है। मानव-जीवन इससे अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। मानव की खाद्य सामग्री और आवास की समस्या भी इन्होंने ही सुलझाई थी। हमारे ग्रंथ, उपनिषद् और आरण्यक आदि वनों में ही रचे गए। महाकवि वाल्मीकि द्वारा रचित-ग्रंथ रामायण भी तपोवन में ही रूपाकार पा सका था। औषधियाँ भी हमें वनों से ही मिलती हैं। विश्व की कोई सभ्यता एवं संस्कृति नहीं है जिसने वनों के मूल्य को न आँका हो, उनकी महत्ता को न समझा हो, इसलिए वन-संरक्षण की आवश्यकता है। कागज बनाने तथा मकान के लिए लकड़ी वनों से ही प्राप्त होती है।

पेड़-पौधे वर्षा का कारण बनकर पर्यावरण की रक्षा तो करते ही हैं, इनमें कार्बन-डाइऑक्साइड को शोषित करने की शक्ति भी होती है। सिंचाई और पेयजल की समस्या का समाधान करके नदियाँ जल की अमृत धारा प्रवाहित कर रही हैं?

1. रामायण ग्रंथ की रचना किसने की थी? 2
2. वनों द्वारा मानव की कौन-सी दो समस्याएँ सुलझाई गईं? 2
3. औषधियाँ तथा कागज बनाने के लिए लकड़ी हमें कहाँ से प्राप्त होती है? 2
4. पेड़-पौधों से होने वाले कोई दो लाभ बताइए। 2
5. प्रकृति की अमूल्य संपदा क्या है? 1
6. उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

## खण्ड-ख (व्यावहारिक व्याकरण) 16

**2. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

1. सुनीता और विनीता बाजार जा रही हैं। (रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए)
2. श्रीमती शर्मा की बहू चालाक है। (मिश्र वाक्य में बदलिए)
3. जो लोग ईमानदार होते हैं, वे दयालु होते हैं। (सरल वाक्य में बदलिए)
4. पौधे लगाकर माली चला गया। (रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए)

**3. निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए।** $1 \times 4 = 4$

1. मैं चलता हूँ। (भाववाच्य में बदलिए)
2. अनिल द्वारा कार से विद्यालय जाया जाता है। (कर्तृवाच्य में बदलिए)
3. रवि पुस्तक पढ़ता है। (कर्मवाच्य में बदलिए)
4. बच्चा दौड़ता है। (भाववाच्य में बदलिए)

**4. निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

1. मजदूर काम करके घर चले गये।

2. मेरा कुत्ता तेज दौड़ता है।
3. अभी मैं कुछ नहीं करूँगा।
4. बाजार में अनेक प्रकार के आम मिल रहे हैं।

5. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए** $1 \times 4 = 4$

1. रौद्र रस की परिभाषा देकर इसका संचारी भाव बताइए।
2. निम्नलिखित काव्य पंक्ति में प्रयुक्त रस का नामोल्लेख कीजिए–
   गिद्ध जाँघ को खोदि–खोदि कै मांस उपारत,
   श्वान अंगुरिन काटि–काटि कै खात विदारत।
3. निम्नलिखित काव्य पंक्ति में प्रयुक्त रस का नाम लिखिए–
   धात्री सुभद्रा को समझकर माँ मुझे था मानता।
   पर आज तू ऐसा हुआ मानो न था पहचानता।।
4. निम्नलिखित काव्य पंक्ति में प्रयुक्त रस का नाम लिखिए–
   सतगुरू हम सूं रीझि के कह्या एक प्रसंग।
   बरसा बादल प्रेम का भीजि गया सब अंग।।
5. श्रृंगार रस का स्थायी भाव लिखिए।

## खण्ड–ग (पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक) 34

6. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 6

हालदार साहब की आदत पड़ गई, हर बार कस्बे से गुजरते समय चौराहे पर रुकना, पान खाना और मूर्ति को ध्यान से देखना। एक बार जब कौतूहल दुर्दमनीय हो उठा तो पानवाले से पूछ लिया, क्यों भई! क्या बात है? यह तुम्हारे नेताजी का चश्मा हर बार बदल कैसे जाता है?

पानवाला एक काला, मोटा और खुशमिजाज आदमी था। हालदार साहब का प्रश्न सुनकर वह आँखों ही आँखों में हँसा। उसकी तोंद थिरकी। पीछे घूमकर उसने दुकान के नीचे पान थूका और अपनी लाल–काली बत्तीसी दिखाकर बोला, कैप्टन चश्मेवाला करता है।

क्या करता है? हालदार साहब कुछ समझ नहीं पाए।

चश्मा चेंज कर देता है। पान वाले ने समझाया।

क्या मतलब? क्यों कर देता है? हालदार साहब अब भी समझ नहीं पाए।

कोई गिराक आ गया समझो। उसको चौड़े चौखट चाहिए। तो कैप्टन किदर से लाएगा, तो उसको मूर्तिवाला दे दिया। उधर दूसरा बिठा दिया। अब हालदार साहब को बात कुछ–कुछ समझ में आई। एक चश्मे वाला है जिसका नाम कैप्टन है। उसे नेताजी की बगैर चश्मेवाली मूर्ति बुरी लगती है। बल्कि आहत करती है।

1. हालदार साहब को क्या आदत पड़ गई थी? उन्होंने पानवाले से क्या पूछा? 2
2. पानवाला कैसा आदमी था? हालदार साहब का प्रश्न सुनकर उसकी प्रतिक्रिया कैसी थी? 2
3. चश्मे वाला नेता जी की मूर्ति पर चश्मा क्यों पहनाता था? 2

7. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30–40 शब्दों में लिखिए–** $2 \times 4 = 8$

1. **लखनवी अंदाज** कहानी में निहित संदेश पर प्रकाश डालिए।
2. लेखिका मन्नू भण्डारी के व्यक्तित्व पर किन–किन व्यक्तियों का असर पड़ा?
3. भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेला क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?
4. फादर की मृत्यु पर रोने वालों की कमी क्यों नहीं थी? पाठ के आधार पर लिखिए।
5. पानवाले का एक रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए

8. **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 6

ऊधौ, तुम हौ अति बड़भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।

प्रीती-नदी मैं पाउँ न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी।
सूरदास अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी।।

1. अपरस रहत सनेह तगा तै, का आशय स्पष्ट कीजिए। 2
2. गोपियाँ किसे बड़भागी कह रहीं हैं और क्यों? 2
3. प्रीति-नदी क्या है? उसमें किसने पैर नहीं डुबोए? 2

9. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए-** $\mathbf{2 \times 4 = 8}$

1. लक्ष्मण ने धनुष खण्डित होने के क्या-क्या कारण बताए हैं? इस कविता में कौनसा रस है?
2. **कन्यादान** कविता का मूल भाव लिखिए।
3. कवि बादल से फुहार, रिमझिम या बरसने के स्थान पर **गरजने** के लिए कहता है, क्यों?
4. संगतकार की आवाज सुंदर, कमजोर और काँपती हुई क्यों नजर आती है?
5. गोपियों ने किसकी तुलना कड़वी ककड़ी से की है और क्यों?

10. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए-** $\mathbf{3 \times 2 = 6}$

1. जॉर्ज पंचम की नाक लगाने को लेकर सरकारी तंत्र में जो चिंता और बदहवासी दिखाई देती है वह अफसरों के किस चरित्र को दर्शाती है और क्या वह चरित्र गांधी जी के सपनों के लोकतंत्र के अनुकूल है?
2. भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न है?
3. लेखिका मधु कांकरिया ने किस शहर को मेहनतकश बादशाहों का शहर कहा है और क्यों?

## खण्ड-घ (लेखन) 20

11. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए-** 10

**(1) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व**

संकेत-बिंदु : भूमिका- अनुशासन का अर्थ ✻ विद्यार्थी जीवन में अनुशासन की आवश्यकता ✻ अनुशासन के लाभ ✻ अनुशासनहीनता से हानियाँ ✻ उपसंहार।

**(2) कम्प्यूटर का संसार/कम्प्यूटर क्रांति**

संकेत-बिंदु : प्रस्तावना-कम्प्यूटर का इतिहास ✻ इसकी उपयोगिता ✻ जीवन में इसका योगदान ✻ उपसंहार

**(3) प्राकृतिक आपदाएँ और भारत**

संकेत-बिंदु : भूमिका-भारत की भौगोलिक स्थिति ✻ प्राकृतिक आपदाओं के प्रकार ✻ इनके कारण ✻ निदान के उपाय ✻ सरकार की भूमिका ✻ उपसंहार

12. **निकट के पूजाघरों में लाउडस्पीकर के मनमाने प्रयोग से होने वाली परेशानियों का उल्लेख करते हुए थानाध्यक्ष को एक पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए।** 5

**अथवा**

**मानव-जीवन में भागदौड़, उलझनें और तनाव हैं। ऐसे में हास्य-विनोद का महत्व बताते हुए मित्र को एक पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए।**

13. **दिल्ली के मशहूर गोलगप्पे की दुकान का किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र में छपने योग्य लगभग 25 से 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।** 5

**अथवा**

**आपके विद्यालय में श्रेया घोषाल की गायकी का कार्यक्रम है। इस संदर्भ में किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र में देने योग्य विज्ञापन 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।**

Download Solved Version of this unsolved paper from www.cbse.online

This sample paper has been released by website www.cbse.online for the benefits of the students. This paper has been prepared by subject expert with the consultation of many other expert and paper is fully based on the exam pattern for 2019-2020. Please note that website www.cbse.online is not affiliated to Central board of Secondary Education, Delhi in any manner. The aim of website is to provide free study material to the students.

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2 (2019-20)

## हिन्दी - अ (कोड-002)

## कक्षा-10

**निर्धारित समय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देशः-**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
2. सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

---

## खण्ड-क (अपठित अंश) 10

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िये और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 10

संसार में रहकर यहाँ की परिस्थितियों का सही लाभ प्राप्त करने के लिए विचारों के महत्त्व को स्वीकार किया जाता है। ज्ञान प्राप्त करने के लिए विचारशक्ति के सदुपयोग की जरूरत होती है, इससे मुमुक्षुता प्राप्त होती है। प्रत्येक विचार अपनी अनुकूल दिशा में फैलकर प्रभाव पाता है। अपने स्वरूप के अनुसार वह उधर से उसी प्रकार का बल लाता है, जिससे सजातीय विचारों की, तदनुरूप गुण-धर्म की पुष्टि होती है। पवित्र और स्वार्थरहित विचार शांति तथा प्रसन्नता ही स्वर्गिक परिस्थितियों का निर्माण करते हैं। स्वर्ग और नरक सब विचारों की ही महिमा है। पाप या पुण्य, प्रकाश या अंधकार, दुःख या सुख की ओर मनुष्य अपने विचार-पथ के द्वारा ही अग्रसर होता है। आंतरिक अपवित्रता की दुर्गंध या पवित्रता की सुगंध भी विचारों के द्वारा ही फैलती है। गुण-अवगुण सब मनुष्य का भला-बुरा अस्तित्व होता है।

1. विचारों के द्वारा किसकी दुर्गंध व सुगंध फैलती है? 2
2. विचारों के महत्त्व को क्यों स्वीकार किया जाता है और विचारशक्ति के सदुपयोग की जरूरत क्यों होती है? 2
3. सजातीय विचारों के गुण-धर्म की पुष्टि कब होती है? 2
4. मनुष्य अपने विचार-पथ के द्वारा किसकी ओर अग्रसर होता है? 2
5. विचारों की क्या महिमा है? 1
6. उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

## खण्ड-ख (व्यावहारिक व्याकरण) 16

**2. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

1. नन्हा पौधा मस्ती से झूम रहा है। (मिश्र वाक्य में बदलिए)
2. आप यहाँ बैठकर आराम कीजिए। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)
3. जैसे ही सुबह हुई, वैसे ही पक्षी चहचहाने लगे। (रचना के अनुसार वाक्य-भेद लिखिए)
4. रोहन ने सोहन से नेपाल चलने के लिए कहा। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

**3. निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए।** $1 \times 4 = 4$

1. सरिता नाच रही है। (भाववाच्य में बदलिए)
2. माता जी से मंदिर जाया जाता है। (कर्तृवाच्य में बदलिए)
3. माँ ने माधव को पढ़ाया। (कर्मवाच्य में बदलिए)
4. वह मुम्बई कैसे जाएगा? (भाववाच्य में बदलिए)

4. **निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

1. सफलता परिश्रम करने वालों के चरण चूमती है।
2. लता मंगेशकर प्रसिद्ध गायिका है।
3. अध्यापक ने बच्चों को पढ़ाया।
4. अहा! कितने सुंदर फूल खिले हैं।

5. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** $1 \times 4 = 4$

1. श्रृंगार रस की परिभाषा दीजिए।
2. निम्नलिखित काव्य पंक्ति में प्रयुक्त रस का नाम लिखिए-
   इहाँ कुम्हण बतिया कोउ नाहिं,
   जे तर्जनी देखि मर जाहीं।
3. निम्नलिखित काव्य पंक्ति में प्रयुक्त रस का नाम लिखिए-
   बतरस लालच लाल की मुरली धरी लुकाइ।
   सौंह करैं भौंहनु हंसे दैन कहै नटि जाइ।।
4. निम्नलिखित काव्य पंक्ति में प्रयुक्त रस का नाम लिखिए-
   जब सुख का नींद कढ़ा तकिया, इस सिर के नीचे आता है।
   तो सच कहता हूँ- इस सिर में इंजन जैसे लग जाता है।
5. वीभत्स रस का स्थायी भाव लिखिए।

## खण्ड-ग (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक) 34

6. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 6

लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचने वाले खीरे के इस्तेमाल का तरीका जानते हैं। ग्राहक के लिए जीरा मिला नमक और पिसी हुई लाल मिर्च की पुड़िया भी हाजिर कर देते हैं। नवाब साहब ने बहुत करीने से खीरे की फाँकों पर जीरा मिला नमक और लाल मिर्च की सुर्खी बुरक दी। उनकी प्रत्येक भाव-भंगिमा और जबड़ों के स्फुरण से स्पष्ट था कि उस प्रक्रिया में उनका मुख खीरे के रसास्वादन की कल्पना से प्लावित हो रहा था। हम कनखियों से देख रहे थे, मियाँ रईस बनते हैं, लेकिन लोगों की नजरों से बच सकने के खयाल में अपनी असलियत पर उतर आए हैं।

1. लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचने वाले इसके इस्तेमाल का कौनसा तरीका जानते हैं? 2
2. नवाब साहब ने बहुत करीने से क्या किया? 2
3. नवाब साहब की भाव-भंगिमा और जबड़ों के स्फुरण से क्या स्पष्ट था? 2

7. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 4 = 8$

1. फादर बुल्के ने सन्यासी की परम्परागत छवि से अलग एक नई छवि प्रस्तुत की है, कैसे?
2. शहनाई की दुनिया में डुमराँव गाँव को क्यों याद किया जाता है?
3. सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?
4. लेखिका पिताजी की किस विरोधाभासी प्रवृत्ति पर विचार करती है?
5. पाठ में आए उन प्रसंगों का उल्लेख कीजिए, जिनमें फादर बुल्के का हिंदी-प्रेम प्रकट होता है।

8. **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 6

लखन कहा हसि हमरे जाना।
सुनहु देव सब धनुष समाना।।
का छति लाभु जून धनु तोरें।
देखा राम नयन के भोरें।।
छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू।
मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू।।
बोले चितै परसु की ओरा।
रे सठ सुनेहि सुभाउ न मोरा।।

बालकु बोलि बधौं नहि तोही।
केवल मुनि जड़ जानहि मोही।।
बाल ब्रह्मचारी अति कोही।
बिस्वबिदित क्षत्रियकुल द्रोही।।
भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही।
बिपुल बार महिदेवन्ह दीन्ही।।
सहसबाहुभुज छेदनिहारा।
परसु बिलोकु महीपकुमारा।।
मातु पितहि जानि सोचबस करसि महीसकिसोर।
गर्भन्ह के अर्भक दलन परसु मोर अति घोर।।

1. लक्ष्मण ने धनुष खण्डित होने के क्या-क्या कारण बताए? 2
2. बिपुल बार महिदेवन्ह दीन्हीं, का क्या आशय है? 2
3. परशुराम ने अपने फरसे की क्या विशेषताएँ बताई हैं? 2

**9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 4 = 8$

1. कवि की आँख फागुन की सुंदरता से क्यों नही हट रही है?
2. **कन्यादान** कविता का मूल भाव लिखिए।
3. **दुविधा हत साहस** से कवि का क्या अभिप्राय है? **छाया मत छूना** के आधार पर बताइए।
4. संगतकार की आवाज सुंदर, कमजोर और काँपती हुई क्यों नजर आती है?
5. साहस और शक्ति के साथ विनम्रता हो तो बेहतर है। इस कथन पर अपने विचार लिखें।

**10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए-** $3 \times 2 = 6$

1. देश की सीमा पर बैठे फौजी अनेक प्रकार की कठिनाइयों से जूझते हुए देश की रक्षा का दायित्व निभाते हैं। उनके प्रति हमारा क्या उत्तरदायित्व होना चाहिए?
2. रानी एलिजाबेथ के दर्जी की परेशानी का क्या कारण था? उसकी परेशानी को आप किस तरह तर्कसंगत ठहराएँगे?
3. **माता का अँचल**, पाठ में किन उदाहरणों से पता चलता है कि भोलानाथ के पिता भक्ति-भावना रखते थे?

## खण्ड-घ (लेखन) 20

**11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए-** 10

**(1) मेरा भारत बड़ा निराला**

संकेत बिंदु : भूमिका ✲ भारत की प्राचीन संस्कृति ✲ यहाँ की प्राकृतिक भिन्नताएँ ✲ अनेक धर्म, जातियाँ, बोलियाँ, उनकी वेशभूषा, रहन-सहन का अंतर, अनेकता में एकता ✲ उपसंहार

**(2) मानव जीवन में खेलों का महत्व**

संकेत : भूमिका ✲ खेलों के प्रकार ✲ जीवन में खेलों की आवश्यकता ✲ खेल भावना का प्रभाव ✲ हार-जीत का महत्त्व ✲ खेलों की लोकप्रियता का आर्थिक महत्व ✲

**(3) यदि मैं विद्यालय की प्राधानाचार्या होती**

संकेत : भूमिका ✲ प्राधानाचार्या का विद्यालय में महत्व ✲ प्राधानाचार्य के रूप में कार्य ✲ उपसंहार

**12. आपके विद्यालय में वृक्षारोपण समारोह सम्पन्न हुआ। इसका विवरण देते हुए किसी समाचार-पत्र के संपादक को एक पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखकर इसे प्रकाशित करने का अनुरोध कीजिए।** 5

**अथवा**

**अपनी माता जी की बीमारी पर चिंता व्यक्त करते हुए अपने पिता जी को एक पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए।**

**13. आपके शहर में ऊनी कपड़ों की सेल लगी हैं इसके लिए 25-50 शब्दों का एक विज्ञापन तैयार कीजिए।** 5

**अथवा**

**आयशर ट्रैक्टर की खरीद के लिए 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 3 (2019-20)

## हिन्दी - अ (कोड-002)

## कक्षा-10

**निर्धारित समय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देशः-**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
2. सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

---

## खण्ड-क (अपठित अंश) 10

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िये और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 10

यह बात भी ध्यान में रखने की है कि मध्यकालीन भारत यानी इतिहास का वह लंबा दौर जो विदेशी आक्रांताओं के हमलों, पराधीनता और भारी उथल-पुथल का रहा है; उसमें बाल-साहित्य के क्षेत्र में बहुत कम काम हुआ है। यहाँ तक कि भारतेंदु तथा द्विवेदी युग में भी जब साहित्य की दूसरी विधाओं में नए-नए प्रयोग हो रहे थे, तब बाल-साहित्य के क्षेत्र में प्रायः जड़ता ही व्याप्त रही। जिन थोड़े-से साहित्यकारों ने बाल-साहित्य की धारा को नया मोड़ देने की कोशिश की, परंपरावादियों के वर्चस्व के कारण उनका प्रभाव बहुत सीमित रहा। इससे हम अंदाजा लगा सकते हैं कि गुलाम मानसिकताएँ प्रायः अपने भविष्य की ओर से मुँह मोड़े रहती हैं। उनमें अपने भविष्य निर्माण हेतु जरूरी चेतना का अभाव होता है।

1. गुलाम मानसिकता किसकी ओर से मुँह मोड़े रहती है? 2
2. मध्यकालीन भारत में किस क्षेत्र में कम काम हुआ है? क्यों? 2
3. किस युग में बाल-साहित्य के क्षेत्र में जड़ता व्याप्त रही और क्यों? 2
4. कुछ साहित्यकारों ने किसे नया मोड़ देने की कोशिश की परंतु किस कारण उनका प्रभाव सीमित रहा? 2
5. किस युग में नए-नए प्रयोग हो रहे थे? 1
6. उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

## खण्ड-ख ( व्यावहारिक व्याकरण ) 16

2. **निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

1. मजदूर खूब मेहनत करता है, परन्तु उसे लाभ नहीं मिलता। (रचना के अनुसार वाक्य भेद लिखिए)
2. बारिश हो रही थी, इसलिए कपड़े भीग गए। (सरल वाक्य में बदलिए)
3. मैंने एक बहुत बीमार आदमी को देखा। (मिश्र वाक्य में बदलिए)
4. जो व्यक्ति परिश्रम करता है, उसे सब चाहते हैं। (रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए)

3. **निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए।** $1 \times 4 = 4$

1. पायल भजन गाती है। (कर्मवाच्य में बदलिए)
2. पुराने गायक बहुत अच्छे गीत गाते थे। (कर्मवाच्य में बदलिए)
3. हम रातभर कैसे जागेंगे? (भाववाच्य में बदलिए)
4. बंदर द्वारा पुस्तक फाड़ी गई। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

**4. निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

1. मोहन घर चला गया।
2. शिकारी ने कबूतर पर चुपचाप निशाना साधा।
3. यह किताब मेरी है।
4. आज समाज में विभीषणों की कमी नहीं है।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** $1 \times 4 = 4$

1. काबा फिरि कासीं भया रामहिं भया रहीम।
   मोट चून मैदा भया, बैठि कबीरा जीमि।।
2. अभी तो मुकुट बँधा था माथ
   हुए कल ही हल्दी के हाथ।
3. ललन चलन सुनि पलन में आय गयो बहु नीर।
   अधखण्डित बीरी रही, पीरी परी सरीर।।
4. अँखियाँ हरि दर्शन की भूखीं
   कैसे रहे रूप, रस राँची, ये बतियाँ सुन रूखी।।
5. **हास** किस रस का स्थायी भाव है?

## खण्ड-ग (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक) 34

**6. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 6

फादर को याद करना एक उदास शांत संगीत को सुनने जैसा है। उनको देखना करूणा के निर्मल जल में स्नान करने जैसा था और उनसे बात करना कर्म के संकल्प से भरना था। मुझे **परिमल** के वे दिन याद आते हैं जब हम सब एक पारिवारिक रिश्ते में बँधे जैसे थे, जिसके बड़े फादर बुल्के थे। हमारे हँसी मजाक में वे निर्लिप्त शामिल रहते, हमारी गोष्ठियों में वे गंभीर बहस करते। हमारी रचनाओं पर बेबाक राय और संस्कार में वे बड़े भाई और पुरोहित जैसे खड़े होकर हमें आशीषों से भर देते।

1. लेखक की दृष्टि से फादर को याद करना, उन्हें देखना और उनसे बात करना किन अनुभवों के समान था? 2
2. लेखक को **परिमल** के दिनों के कौनसे घटनाक्रम याद आते हैं? 2
3. घर के उत्सव में फादर की क्या भूमिका होती थी? 2

**7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 4 = 8$

1. कैप्टन कौन था? उसे क्या बात आहत करती थी।
2. लेखक ने लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचने वालों की किस विशेषता को प्रकट किया है?
3. बिस्मिल्लाह खाँ काशी छोड़ना क्यों नहीं चाहते थे?
4. **एक कहानी यह भी** के आधार पर स्वाधीनता आन्दोलन के परिदृश्य का चित्रण करते हुए उसमें मन्नू जी की भूमिका बताइए।
5. बालगोबिन भगत का संगीत किस प्रकार लोगों के सिर चढ़कर बोलता था?

**8. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 6

गायक जब अंतरे की जटिल तानों के जंगल में
खो चुका होता है
या अपने ही सरगम को लाँघकर
चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद में
तब संगतकार की स्थायी को संभाले रहता है
जैसे उसे याद दिलाता हो उसका बचपन
जब वह नौसिखिया था

1. मुख्य गायक के भटके स्वर को संगतकार द्वारा संभाला जाता है तो कैसा लगता है? 2
2. किसकी आवाज में हिचक साफ सुनाई देती है और क्यों? 2
3. संगतकार किस प्रकार से मुख्य गायक को ढाँढस बँधाता है? 2

**9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 4 = 8$

1. फसल को **हाथों के स्पर्श की गरिमा** और **महिमा** कहकर कवि क्या व्यक्त करना चाहते हैं?
2. लक्ष्मण परशुराम से पुनः आत्मप्रशंसा करने के लिए क्यों कहते हैं?
3. **कन्यादान** कविता में किसके दुख को प्रामाणिक कहा गया है और क्यों?
4. उद्धव द्वारा दिए गए योग के संदेश ने गोपियों पर क्या प्रभाव डाला?
5. मिट्टी के गुण-धर्म को आप किस तरह परिभाषित करेंगे?

**10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए-** $3 \times 2 = 6$

1. आज की पीढ़ी द्वारा प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। क्या ऐसा करना उचित है? 2
2. **माता का अँचल**, शीर्षक की उपयुक्तता बताते हुए कोई अन्य शीर्षक सुझाइए। 2
3. पश्चिम की नकल की प्रवृत्ति हमारे लिए कितनी नुकसानदायक है? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड-घ (लेखन) 20

**11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए-** **10**

**(1) जल संकट**

**संकेत बिंदु** : प्रस्तावना ❊ जल संकट के कारण ❊ जल संकट की समस्याएँ ❊ समाधान ❊ उपसंहार।

**(2) ओलंपिक खेल**

**संकेत बिंदु**: प्रस्तावना - ओलम्पिक खेलों का इतिहास ❊ ओलम्पिक खेलों का आयोजन ❊ उपसंहार

**(3) सूचना प्रौद्योगिकी का समाज पर प्रभाव**

**संकेत बिंदु** : सूचना प्रौद्योगिकी क्या है ❊ इसके लाभ ❊ सूचना ढाबा ❊ उपसंहार

**12. कुसुम लता मकान नं. 15 कृष्ण बिहार सोसाइटी गुरूग्राम सेक्टर 12ए, हरियाणा की ओर से नवभारत टाइम्स के मुख्य संपादक को बढ़ती महँगाई के प्रति चिंता जताते हुए एक पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए।** **5**

**अथवा**

**कृष्णा (गाजियाबाद) निवासी रमेश गुप्ता की ओर से एक पत्र लगभग 80-100 शब्दों में उनके मित्र अखिल शर्मा को लिखिए, जिसमें दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में प्रवेश पाने में मिली सफलता पर उसे बधाई दी गई हो।**

**13. हिमालया हर्बल क्रीम के लिए 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।** **5**

**अथवा**

**नहाने के साबुन का एक आकर्षक विज्ञापन 25-50 शब्दों में लिखिए।**

Download Solved Version of this unsolved paper from www.cbse.online

This sample paper has been released by website www.cbse.online for the benefits of the students. This paper has been prepared by subject expert with the consultation of many other expert and paper is fully based on the exam pattern for 2019-2020. Please note that website www.cbse.online is not affiliated to Central board of Secondary Education, Delhi in any manner. The aim of website is to provide free study material to the students.

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 4 (2019-20)

## हिन्दी - अ (कोड-002)

## कक्षा-10

**निर्धारित समय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देशः-**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
2. सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

---

## खण्ड-क (अपठित अंश) 10

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िये और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **10**

निस्संदेह यह फैशन विद्यार्थियों के लिए महँगा सौदा है। वे घरवालों के लिए समस्या बन जाते हैं। अध्यापक उन्हें सिरदर्द समझते हैं। समाज जो उन्हें भावी भारत समझता है उसकी आशाएँ निराधार हो जाती हैं, क्योंकि बचपन की चंचलता के कारण सस्ती भावना में भटककर वे अपने बहुमूल्य उद्देश्य **विद्या** को भूल जाते हैं। हमारी वेशभूषा का अच्छा या बुरा प्रभाव दूसरों की अपेक्षा हम पर अधिक पड़ता है। उसका प्रभाव हमारी भौतिक उन्नति पर ही नहीं, चरित्र पर भी पड़ता है। अंग्रेजी के प्रसिद्ध विचारक और लेखक एमर्सन का कहना है कि सौम्य वेश से जो आत्मशांति मिलती है, वह धर्म से भी नहीं मिलती। सौम्यवेशधारी छात्र अपने मार्ग से भटकता नहीं है। उसका ध्यान केवल और केवल लक्ष्य पर केंद्रित रहता है। और ऐसे ही लोगों की आज जरूरत है, ताकि हमारा देश उन्नति की ओर निरंतर अग्रसर रहे।

1. **बुरा प्रभाव** में बुरा किस प्रकार का विशेषण है? 2
2. विद्यार्थी कैसी भावना में भटककर अपने कौन-से बहुमूल्य उद्देश्य को भूल जाते हैं? 2
3. वेशभूषा का प्रभाव कहाँ-कहाँ पड़ता है? 2
4. फैशन में भटके हुए विद्यार्थी किसके लिए समस्या और सिरदर्द बन जाते हैं? 2
5. आत्मशांति कैसे मिलती है? 1
6. उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

## खण्ड-ख (व्यावहारिक व्याकरण) 16

**2. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

1. रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं? नाम लिखिए।
2. जो लोग ईर्ष्या करते हैं, मुझे पसंद नहीं। (सरल वाक्य में बदलिए)
3. हेमा का नृत्य देखकर सब लोग प्रसन्न हो गए। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)
4. प्रेमचंद को उपन्यास सम्राट कहा जाता है। (रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए)

**3. निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए।** $1 \times 4 = 4$

1. कुत्ता भौंकता है। (भाववाच्य में बदलिए)
2. पिताजी से अखबार पढ़ा जाता है। (कर्तृवाच्य में बदलिए)
3. निशा ने कहानी की पुस्तक खरीदी। (कर्मवाच्य में बदलिए)

4. यश जल्दी नहीं सोता। (भाववाच्य में बदलिए)

**4. निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

1. मैंने उसे आज चंदा दिया।
2. रचना सुंदर तस्वीर बनाती है।
3. रात में देर रात बारिश होती रही।
4. ताजमहल आगरा में स्थित है।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** $1 \times 4 = 4$

1. शांत रस की परिभाषा दीजिए।
2. निम्नलिखित काव्य पंक्ति में प्रयुक्त रस का नाम लिखिए।
   यशोदा हरि पालने झुलावै,
   हलरावै दुलरावै, जोई सोई कछु गावै।
3. 'प्रभु जी, तुम चंदन हम पानी', इस पंक्ति में प्रयुक्त रस का नाम लिखिए।
4. निम्नलिखित काव्य पंक्ति में रस का नाम लिखिए।
   जल की मछली तरूवर व्यापी
   पकड़ि बिलाई मुरगै खाई।
5. वीर रस का स्थायी भाव लिखिए।

## खण्ड-ग (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक) 34

**6. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 6

गर्मियों में उनकी **संझा** कितनी उमस भरी शाम को न शीतल करती! अपने घर के आँगन में आसन जमा बैठते। गाँव के उनके कुछ प्रेमी भी जुट जाते। खँजड़ियों और करतालों की भरमार हो जाती। एक पद बालगोबिन भगत कह जाते, उनकी प्रेम मंडली उसे दुहराती, तिहराती। धीरे-धीरे स्वर ऊँचा होने लगता एक निश्चित ताल, एक निश्चित गति से। उस तार स्वर के चढ़ाव के साथ श्रोताओं के मन भी ऊपर उठने लगते। धीरे-धीरे मन तन पर हावी हो जाता। होते-होते एक क्षण ऐसा आता कि बीच में खँजड़ी लिए बालगोबिन भगत नाच रहे हैं और उनके साथ ही सबके तन और मन नृत्यशील हो उठे हैं। सारा आँगन नृत्य और संगीत से ओतप्रोत है!

1. गर्मियों में बालगोबिन भगत क्या करते थे? 2
2. **संझा** से क्या आशय है? इसे लोग कैसे गाते थे? 2
3. **संझा** गायन के क्रम में एक क्षण कैसा आता था? 2

**7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 4 = 8$

1. लेखक ने फादर के किस स्वभाव के बारे में बताया है? उनके सांत्वना भरे शब्द कैसे लगते थे?
2. शहनाई की दुनिया में डुमराँव गाँव को क्यों याद किया जाता है?
3. लेखक ने लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचने वालों की किस विशेषता को प्रकट किया है?
4. आपके विचार से बुल्के ने भारत आने का मन क्यों बनाया होगा?
5. सीमा पर तैनात फौजी ही देश-प्रेम का परिचय नहीं देते। हम सभी अपने दैनिक कार्यों में किसी न किसी रूप में देश-प्रेम प्रकट करते हैं। अपने जीवन से जुड़े ऐसे और कार्यों का उल्लेख करें और उन पर अमल भी करें।

**8. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** 6

तुम्ह तौ कालु हाँक जनु लावा।
बार-बार मोहि लागि बोलावा।।
सुनत लखन के बचन कठोरा।
परसु सुधारि धरेउ कर घोरा।।

अब जनि देइ दोसु मोहि लोगू।
कटुबादी बालकु बधजोगू।।
बाल बिलोकि बहुत मैं बाँचा।
अब येहु मरनिहार भी साँचा।।
कौसिक कहा छमिअ अपराधू।
बाल दोष गुन गुनहिं न साधु।।
खर कुठार मैं अकरून कोही।
आगे अपराधी गुरूद्रोही।।
उतर देत छोड़ौं बिनु मारे।
केवल कौसिक सील तुम्हारे।।
न त येहि काटि कुठार कठोरे।
गुरहि उरिन होतेउँ श्रम थोरे।।
गाधिसू नु कह हृदय हसि मुनिहि हरियरे सूझ।
अयमय खाँड़ न ऊखमय अजहुँ न बूझ अबूझ।।

1. यहाँ **कौसिक** किसे कहा गया है? 2
2. विश्वामित्र ने परशुराम को **साधु** की क्या विशेषता बताई है? 2
3. परशुराम ने लक्ष्मण को क्षमा कर देने का क्या कारण बताया? 2

**9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 4 = 8$

1. लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषता बताई?
2. मनुष्य किन कारणों से भ्रमित होकर चारों ओर भटकता है? **छाया मत छूना** कविता के आधार पर लिखिए।
3. फागुन के आते ही वातावरण कैसा हो जाता है?
4. माँ ने बेटी को सचेत करना क्यों जरूरी समझा?
5. प्रीति नदी में किसने पाँव नहीं डुबोया? गोपियाँ ऐसा क्यों कहती हैं?

**10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए-** $3 \times 2 = 6$

1. जितेन नार्गे ने लेखिका को सिक्किम की प्रकृति, वहाँ की भौगोलिक स्थिति एवं जनजीवन के बारे में क्या महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं, लिखिए।
2. जॉर्ज पंचम की लाट पर किसी भी भारतीय नेता, यहाँ तक कि भारतीय बच्चे की नाक फिट न होने की बात से लेखक किस ओर संकेत करना चाहता है?
3. मीडिया द्वारा रानी एलिजाबेथ और प्रिंस फिलिप के जीवन से जुड़ी प्रत्येक घटनाओं का विश्लेषण कहाँ तक उचित है? स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड-घ (लेखन) 20

**11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए-** 10

**(1) इंटरनेट**

संकेत बिंदु : भूमिका ✻ इंटरनेट क्या है ✻ इसका इतिहास और विकास ✻ इसकी उपयोगिता एवं कार्य क्षेत्र ✻ उपसंहार।

**(2) वर्षा जल संचयन**

संकेत बिंदु : भूमिका ✻ जलचक्र क्या है ✻ जल समस्या के समाधान के लिए उपाय ✻ उपसंहार

**(3) विज्ञापनों का महत्व**

संकेत बिंदु : प्रस्तावना ✻ विज्ञापन का अर्थ ✻ सकारात्मक एवं नकारात्मक पक्ष ✻ उपसंहार

12. दिल्ली में सीलिंग के कारण पिता जी का कारोबार ठप्प हो गया है। मित्र को एक पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखकर परिवार की परेशानियों का वर्णन कीजिए और सहायता का अनुरोध कीजिए। 5

अथवा

यात्रा करते हुए बस में आपका कुछ आवश्यक सामान छूट गया है। नगर बस सेवा विभाग के खोया पाया संभाग को अपने सामान का विवरण देते हुए शीघ्र सूचना देने के लिए एक पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए।

13. वोल्वो ट्रैवल्स को दो मैनेजर की आवश्यकता है जिन्हें 5 वर्ष का अनुभव हो। 25-50 शब्दो में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

अथवा

बालों में लगाने के लिए किसी कंपनी ने एक आयुर्वेदिक तेल का उत्पादन किया है। इसके लिए 25-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

Download Solved Version of this unsolved paper from www.cbse.online

This sample paper has been released by website www.cbse.online for the benefits of the students. This paper has been prepared by subject expert with the consultation of many other expert and paper is fully based on the exam pattern for 2019-2020. Please note that website www.cbse.online is not affiliated to Central board of Secondary Education, Delhi in any manner. The aim of website is to provide free study material to the students.

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 5 (2019-20)

## हिन्दी - अ (कोड-002)

## कक्षा-10

**निर्धारित समय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देशः-**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
2. सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

---

## खण्ड-क (अपठित अंश) 10

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िये और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 10

आज के भूमंडलीकरण व बाजारवाद के चलते हिंदी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विस्तार में नयी है। हिंदी प्रदेश से बाहर निकलते ही उसके स्वरूप व स्थिति में अंतर आ रहा है। हिंदी भाषा का साहित्यिक रूप कार्यालयों में वाणिज्य, वैज्ञानिक, बृहत्तर समाज तथा पत्रकारिता के रूप में अलग-अलग है, वह अलग शब्दावली से समृद्ध हो रही है। राजभाषा नियमों पर संविधान द्वारा दफ्तरों में चलाई जाने वाली हिंदी सर्वसाधारण जनता को मंजूर नहीं है। हिंदी भाषा को भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

भारत एक बहुभाषी देश है। संपूर्ण देश में भाषा वैज्ञानिकों ने 1652 भाषाएँ तथा बोलियाँ बोली जाने की पुष्टि की है। हिंदी के अतिरिक्त अन्य भाषाओं पर दृष्टि करें तो भारत के ही नहीं विश्व के परिदृश्य के संदर्भ में देखने पर यह तथ्य सामने आता है कि राष्ट्र और समाज के निर्माण में भाषा अहम भूमिका निभाती है। बहुभाषिकता और सांस्कृतिक विविधता ने भारत वर्ष को एक विशिष्ट साँचे में ढाल दिया है।

1. **बहुभाषी देश** से क्या तात्पर्य है? 2
2. दफ्तरों में हिंदी किसके द्वारा चलाई गई और यह किसको पसंद नहीं है? 2
3. किसी भी राष्ट्र तथा समाज के संदर्भ में भाषा का क्या महत्व है? बताइए। 2
4. भारत में कितनी भाषाएँ व बोलियाँ बोली जाती हैं? 2
5. भारत के एक विशिष्ट साँचे में ढले होने का मुख्य कारण क्या है? बताइए। 1
6. उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

## खण्ड-ख (व्यावहारिक व्याकरण) 16

2. **निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

1. खूब पढ़ाई करो वरना फेल हो जाओगे। रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए।
2. कहानी मजेदार और दिलचस्प थी। (मिश्र वाक्य में बदलिए)
3. सूर्य के उगते ही पक्षी घोंसला छोड़ देते हैं। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)
4. वह रोटी और दाल खाता है। (रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए)

3. **निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए।** $1 \times 4 = 4$

1. लड़की ने ठंडा पानी पिया। (कर्मवाच्य में बदलिए)

2. बच्चा रातभर रोता रहा। (भाववाच्य में बदलिए)
3. माँ द्वारा बाजार जाया जाता है। (कर्तृवाच्य में बदलिए)
4. रमेश के द्वारा पत्र लिखा गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए।)

**4. निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

1. जैसे ही मैं घर पहुँचा, बारिश होने लगी।
2. मौसी की मृत्यु का समाचार सुनकर अत्यंत दुख पहुँचा।
3. यह बालक पुरस्कार जीत सकता है।
4. वह नित्य घूमने जाता है।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** $1 \times 4 = 4$

1. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त रस का नाम लिखिए।
   प्रच्छन्न रोग है, प्रकट भोग,
   संयोग मात्र भावी वियोग।
   हाँ! लोभ मोह में लीन लोग,
   भूलें हैं अपना अपरिणाम,
   ओ क्षणभंगुर भव! राम-राम।
2. मोरे घर आए राजा राम भरतार। इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त रस का नाम लिखिए।
3. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त रस का नाम लिखिए।
   नभ ते झटपट बाज लखि,
   भूल्यो सकल प्रपंच,
   कंपित तन व्याकुल नयन,
   लावक हिल्यो र रंच।
4. वीभत्स रस किसे कहते हैं? लिखिए।
5. भक्ति रस का स्थायी भाव लिखिए।

## खण्ड-ग (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक) 34

**6. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 6

हालदार साहब को यह सबकुछ बड़ा विचित्र और कौतुकभरा लग रहा था। इन्हीं खयालों में खोए-खोए पान के पैसे चुकाकर, चश्मेवाले की देशभक्ति के समक्ष नतमस्तक होते हुए वह जीप की तरफ चले, फिर रूके, पीछे मुड़े और पान वाले के पास जाकर पूछा, क्या कैप्टन चश्मेवाला नेताजी का साथी है? या आजाद हिंद फौज का भूतपूर्व सिपाही?

पानवाला नया पान खा रहा था। पान पकड़े अपने हाथ को मुँह से डेढ़ इंच दूर रोककर उसने हालदार साहब को ध्यान से देखा, फिर अपनी लाल-काली बत्तीसी दिखाई और मुस्कुराकर बोला, नहीं साहब! वो लंगड़ा क्या जाएगा फौज में। पागल है पागल! वो देखो, वो आ रहा है। आप उसी से बात कर लो। फोटो-वोटो छपवा दो उसका कहीं।

1. हालदार साहब किसके समक्ष नतमस्तक हो गए? 2
2. पानवाले के पास जाकर हालदार साहब ने उससे क्या पूछा? 2
3. पानवाले ने कैप्टन के बारे में कैसे शब्दों का प्रयोग किया? 2

**7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 4 = 8$

1. बालगोबिन भगत जी के गीतों की क्या विशेषता है?
2. **सुषिर वाद्यों** से क्या अभिप्राय है? शहनाई को **सुषिर वाद्यों में शाह** की उपाधि क्यों दी गई होगी?
3. लेखिका मन्नू भण्डारी के पिता की आर्थिक स्थिति कमजोर क्यों हुई? गिरती आर्थिक स्थिति ने लेखिका के पिता पर कैसा प्रभाव डाला?
4. बालगोबिन भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस प्रकार व्यक्त कीं?

5. जब तक हालदार साहब ने कैप्टन को साक्षात् देखा नहीं था तब तक उनके मानस पटल पर उसका कौनसा चित्र रहा होगा, अपनी कल्पना से लिखिए।

**8. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 6

धन्य तुम, माँ भी तुम्हारी धन्य!
चिर प्रवासी मैं इतर, मैं अन्य!
इस अतिथि से प्रिय तुम्हारा क्या रहा संपर्क
उँगलियाँ माँ की कराती रहीं है मधुपर्क
देखते तुम इधर कनखी मार
और होतीं जब कि आँखें चार
तब तुम्हारी दंतुरित मुसकान
मुझे लगती बड़ी ही छविमान!

1. कवि ने स्वयं को चिरप्रवासी कहकर क्या–क्या व्यक्त किया है? 2
2. काव्यांश में मधुपर्क से क्या अभिप्राय है? 2
3. बच्चा कवि को कैसे देख रहा था और क्यों? 2

**9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30–40 शब्दों में लिखिए–** $2 \times 4 = 8$

1. गोपियों ने योग साधना को अपने लिए किस तरह अनुपयुक्त बताया?
2. कन्यादान कविता में माँ ने बेटी को लड़की होना पर लड़की जैसी दिखाई मत देना, सीख क्यों दी?
3. रस बसंत बीत जाने पर फूल खिलने से कवि का क्या आशय है? छाया मत छूना कविता के आधार पर उत्तर दीजिए।
4. फसल को हाथों के स्पर्श की गरिमा और महिमा कहकर कवि क्या व्यक्त करना चाहते हैं?
5. लक्ष्मण ने किस पर और क्यों व्यंग्य किया?

**10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

1. रानी एलिजाबेथ के दर्जी की परेशानी का क्या कारण था? उसकी परेशानी को आप किस तरह तर्कसंगत ठहराएँगे?
2. **माता का अँचल**, पाठ की सार्थकता सिद्ध कीजिए।
3. पहाड़ी इलाके के बच्चों की तकलीफें कम करने के लिए किस तरह के प्रयासों की आवश्यकता है? अपना सुझाव दीजिए।

## खण्ड–घ (लेखन) 20

**11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए–** 10

**(1) पर्वतीय सौंदर्य**

संकेत बिंदु : भूमिका ✼ मानव प्रेम ✼ संरक्षण के प्रति जनता का कर्तव्य ✼ मानव के चहुँमुखी विकास में सहायक ✼ उपसंहार।

**(2) समय का सदुपयोग**

संकेत : भूमिका–समय क्या है ✼ समय का उपयोग किस प्रकार करना चाहिए ✼ समय का सुदपयोग न करने से क्या होता है।

**(3) उपभोक्तावाद का जीवन पर प्रभाव**

संकेत : भूमिका ✼ उपभोक्तावादी संस्कृति का दुष्प्रभाव ✼ नैतिक मूल्यों का ह्रास ✼ उपसंहार

**12. अर्द्धवार्षिक परीक्षा में अपने भाई के उत्तीर्ण होने पर उसे बधाई देते हुए तथा अगली बोर्ड कक्षा के लिए योजनाबद्ध ढंग से तैयारी की सलाह देते हुए एक पत्र लगभग 80–100 शब्दों में लिखिए।** 5

**अथवा**

परिवहन निगम के प्रबंधक को कुछ दिन पहले हुई बस दुर्घटना का विवरण देते हुए एक पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए। जिसमें चालक की दिलेरी, कर्तव्यनिष्ठा और सूझबूझ की प्रशंसा की गई हो।

13. नीचे दिये गए स्थान में किसी विद्यालय की उपलब्धियों संबंधी एक आकर्षक विज्ञापन 25-50 शब्दो में लिखिए 5

**अथवा**

आपने अपने शहर में इंटीरियर डेकोरेशन पोइंट खोला है। उसके प्रचार के लिए 25-50 शब्दों का एक विज्ञापन लिखिए।

Download Solved Version of this unsolved paper from www.cbse.online

This sample paper has been released by website www.cbse.online for the benefits of the students. This paper has been prepared by subject expert with the consultation of many other expert and paper is fully based on the exam pattern for 2019-2020. Please note that website www.cbse.online is not affiliated to Central board of Secondary Education, Delhi in any manner. The aim of website is to provide free study material to the students.

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 6 (2019-20)

## हिन्दी - अ (कोड-002)

## कक्षा-10

**निर्धारित समय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देशः-**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
2. सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

---

## खण्ड-क (अपठित अंश) 10

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 10

आपको चरित्र पतन का भय है न? ठीक है, छात्र-छात्राओं के स्वतंत्र मिलन से ऐसा भी हो सकता है, किंतु उसी अवस्था में जब उन्हें उचित मार्ग-निर्देशन प्राप्त न हो, जबकि एक-दूसरे को एक-दूसरे से छिपा कर रखा गया हो, तभी जिज्ञासा की उत्सुकता भी अधिक होती है। यह स्वाभाविक है कि मानव मन अप्राप्य रूप वस्तु की ओर अधिक आकर्षित होता है यदि उसे वह वस्तु स्वाभाविक रूप से न प्राप्त हो तो वह अस्वाभाविक रूप से खोजता है, छिपकर प्राप्त करता है। अतः वह पतित हो जाता है। इस प्रकार यदि बचपन से ही छात्र-छात्राएँ साथ-साथ रहें तो उनमें स्वस्थ आकर्षण ही शेष रह जाएगा। इससे बालक-बालिकाएँ परस्पर गुणों का आदान-प्रदान करके अपने-अपने व्यक्तित्व का समुचित विकास कर सकते हैं। एक-दूसरे को समझकर स्वस्थ समाज की स्थापना कर सकते हैं। सामाजिक धरातल पर वे कहीं अधिक निपुणता प्राप्त कर परस्पर संबंधों एवं सामाजिक एकता को सबल करेंगे।

1. निर्देश शब्द में उपसर्ग बताइए। 2
2. मानव मन के पतित होने का कारण क्या है? 2
3. छात्र-छात्राएँ अपने व्यक्तित्व का समुचित विकास कैसे कर सकते हैं? 2
4. आदान-प्रदान का विग्रह कर समास का नाम भी लिखिए। 2
5. जिज्ञासा शब्द का अर्थ बताइए। 1
6. उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

## खण्ड-ख (व्यावहारिक व्याकरण) 16

2. **निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।** $1 \times 4 = 4$
   1. पौधे लगाकर माली चला गया। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)
   2. आँधी आई और आम झड़ गए। (सरल वाक्य में बदलिए)
   3. परिश्रमी व्यक्ति को सभी चाहते हैं। (मिश्र वाक्य में बदलिए)
   4. बच्चा रोया और चुप हो गया। (रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए)

3. **निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए।** $1 \times 4 = 4$
   1. उससे दौड़ा नहीं जाता। (कर्तृवाच्य में बदलिए)
   2. नौकर कपड़े धोता है। (कर्मवाच्य में बदलिए)

3. मैं नहीं उठता। (भाववाच्य में बदलिए)
4. अशोक पतंग उड़ा रहा है। (कर्मवाच्य में बदलिए)

**4. निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

1. अध्यापिका ने स्वतंत्रता संग्राम की घटना सुनाई।
2. काव्या के पास संगीत की पुस्तक है।
3. कंगारू बहुत तेज दौड़ते हैं।
4. नन्हीं पिंकी की गुड़िया बहुत सुंदर है।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** $1 \times 4 = 4$

1. वीर और रौद्र रसों के भाव लिखिए।
2. विभाव कितने प्रकार का होता है?
3. जसोदा हरि पालने झुलावै, इस पंक्ति में किस रस का प्रयोग हुआ है?
4. निम्नलिखित काव्यांशों में निहित रस बताइए-

    अभी तो मुकुट बँधा था माथ,
    हुए कल ही हल्दी के हाथ
    हाय रूक गया यही संसार
    बना सिंदूर अनल अंगार।

5. **शोक** किस रस का स्थाई भाव है?

## खण्ड-ग (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक) 34

**6. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 6

मूर्ति संगमरमर की थी। टोपी की नाक से कोट के दूसरे बटन तक कोई दो फुट ऊँची। जिसे कहते हैं बेस्ट और सुंदर थी। नेताजी सुंदर लग रहे थे। कुछ-कुछ मासूम और कमसिन। फौजी वर्दी में मूर्ति को देखते ही **दिल्ली चलो** और **तुम मुझे खून दो** ......... वगैरह याद आने लगते थे। इस दृष्टि से यह सफल और सराहनीय प्रयास था। केवल एक चीज की ही कसर थी जो देखते ही खटकती थी। नेताजी की आँखों पर चश्मा नहीं था यानी चश्मा तो था, लेकिन संगमरमर का नहीं था। एक सामान्य और सचमुच के चश्मे का चौड़ा काला फ्रेम मूर्ति को पहना दिया गया था। हालदार साहब जब पहली बार इस शहर से गुजरे और चौराहे पर पान खाने रूके तभी उन्होंने इसे लक्षित किया और उनके चेहरे पर एक कौतुक भरी मुस्कान फैल गई। वाह भाई! यह आइडिया भी ठीक है। मूर्ति पत्थर की लेकिन चश्मा रियल।

1. मूर्ति किसकी और कैसी थी? 2
2. मूर्ति बनाने का प्रयास कैसा था और क्यों? 2
3. हालदार साहब जब पहली बार इस शहर से गुजरे और चौराहे पर पान खाने रूके तो उन्होंने क्या लक्षित किया? 2

**7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 4 = 8$

1. बिस्मिल्लाह खाँ के हाथ से क्या आशय है?
2. पाठ के आधार पर बताएँ कि बालगोबिन भगत की कबीर पर श्रद्धा किन-किन रूपों में प्रकट हुई है?
3. इस पाठ में नवाब साहब द्वारा खीरा खाने की तैयारी करने का एक चित्र प्रस्तुत किया गया है। इस पूरी प्रक्रिया को अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए।
4. पाठ में आए उन प्रसंगों का उल्लेख कीजिए जिनमें फादर बुल्के का हिंदी प्रेम प्रकट होता है?
5. शहनाई और काशी के बारे में खाँ साहब के कैसे विचार हैं?

**8. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 6

    हमारैं हरि हारिल की लकरी।
    मन क्रम बचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।

Download 20 Solved Sample Papers Free PDF from www.cbse.online or www.rava.org.in 

जागत सोवत, स्वप्न, दिवस निसि, कान्ह-कान्ह जकरी।
सुनत जोन लागत है ऐसौं, ज्यौं करूई ककरी।
सु तौ ब्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी।
यह तौ सूर तिनहिं लै सौंपौ, जिनके मन चकरी।

1. गोपियों ने श्रीकृष्ण को हारिल की लकड़ी क्यों कहा है? उन्होंने इस लकड़ी को किस तरह पकड़ा हुआ है? 2
2. गोपियों को योग का उपदेश कैसा लगता है और क्यों? 2
3. गोपियाँ किसे व्याधि मानती हैं? उसे किसे सौंपने का परामर्श देती हैं? 2

9. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 4 = 8$

1. गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है?
2. परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन-कौनसे तर्क दिए?
3. कविता का शीर्षक **उत्साह** क्यों रखा गया है?
4. **छाया मत छूना** कविता में व्यक्त दुखों के कारणो को लिखिए।
5. फसल को नदियों के पानी का जादू क्यों कहा गया है?

10. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए-** $3 \times 2 = 6$

1. भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न है?
2. प्राकृतिक सौंदर्य के अलौकिक आनंद में डूबी लेखिका को कौन-कौनसे दृश्य झकझोर गए?
3. हमारी पीढ़ी ने प्रकृति की लय, ताल और गति के साथ खिलवाड़ का अक्षम्य अपराध किया है। यह कथन कहाँ तक सत्य है? स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड-घ (लेखन) 20

11. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए-** **10**

**(1) आदर्श विद्यार्थी**
संकेत बिंदु : विद्यार्थी का अर्थ * गुण * लगन * विनम्रता * अनुशासन * समाज का विकास और देश सेवा * उपसंहार।

**(2) खेल और हमारा स्वास्थ्य**
संकेत : स्वास्थ्य का महत्व * स्वस्थ रखने के लिए खेल * खेलों से लाभ * उपसंहार।

**(3) विद्यार्थी एवं अनुशासन**
संकेत : विद्यार्थी शब्द का अर्थ * विद्यार्थी जीवन * अनुशासन * वर्तमान स्थिति * अनुशासनहीनता के कारण * उपसंहार

12. **दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर अवकाश हेतु प्रधानाचार्य जी को एक पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए।** **5**

**अथवा**

**निकट के प्रार्थना पूजाघरों में लाउडस्पीकर के मनमाने प्रयोग से होने वाली परेशानियों का उल्लेख करते हुए थानाध्यक्ष को एक पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए।**

13. **किसी प्रकाशन समूह की हिंदी व्याकरण की पुस्तक के लिए 25-50 शब्दो में विज्ञापन तैयार कीजिए।**

**अथवा**

**किसी आयुर्वेदिक हैल्थ टॉनिक के लिए 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए।**

Download Solved Version of this unsolved paper from www.cbse.online

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 7 (2019-20)

## हिन्दी - अ (कोड-002)

## कक्षा-10

**निर्धारित समय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देश:-**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
2. सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

---

## खण्ड-क (अपठित अंश) 10

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िये और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 10

गर्व से बोलिए अपनी जुबान में। एक बार विदेशी भाषा बोलने वाले के सामने पूरे विश्वास और दम के साथ अपनी भाषा में बात कीजिए, हकलाए या हड़बड़ाए बिना। अपनी जड़ों पर मजबूती से टिके रहिए। हमारी पहचान और उसका पूरा ज्ञान एक बार विदेशियों के पैर उखाड़ चुका है। यह प्रामाणिक तरीका है। आजमाया हुआ नुस्खा। खुद पर नाज कीजिए। अपनी भाषा में अपनी बात कहिए। दुनिया को सुनना और समझना आ जाएगा।

हिंदी बोलते हुए बीच-बीच में अंग्रेजी बोलने को शान क्यों समझा जाता है? काश, ऐसे लोगों को अहसास कराया जाए कि आपको खुद की ही जुबान नहीं आती। आखिर अंग्रेजी बोलते वक्त हम बीच में हिंदी तो नहीं बोलते। भाषाएँ सीखने में कोई हर्ज नहीं। भाषा कोई भी हो, भली ही है, लेकिन अपनी भाषा का तिरस्कार और दूसरी का सत्कार क्यों? जड़ से कटा पेड़ नकली ही हो सकता है, असली नहीं। आप हिंदुस्तानी हैं, हिंदी हमारी भाषा है। उसमें बतियाने या काम करने में भी हमको गर्व होना चाहिए।

1. अपनी जड़ों पर मजबूती से टिके रहने से क्या आशय है? 2
2. किन लोगों को क्या अहसास कराया जाए? 2
3. लेखक के अनुसार जड़ से कटा पेड़ से क्या तात्पर्य है? स्पष्ट कीजिए। 2
4. अपनी बात अपनी भाषा में ही क्यों कहनी चाहिए? 2
5. गद्यांश में निहित संदेश बताइए। 1
6. उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

## खण्ड-ख (व्यावहारिक व्याकरण) 16

**2. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

1. जो लोग ईर्ष्या करते हैं, मुझे पसंद नहीं। (सरल वाक्य में बदलिए)
2. वे लोग घूमने के लिए बगीचे में गए थे। (मिश्र वाक्य में बदलिए)
3. केले खाकर बंदर चला गया। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)
4. ईशान पढ़ने में तेज है और कक्षा में प्रथम आता है। (सरल वाक्य में बदलिए)

**3. निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए।** $1 \times 4 = 4$

1. क्या तुम्हारे द्वारा इन्द्रधनुष देखा गया है? (कर्तृवाच्य में बदलिए)
2. चिड़िया उड़ नहीं पाती। (भाववाच्य में बदलिए)

3. वह लिख नहीं सकता। (कर्मवाच्य में बदलिए)
4. हमारी टीम द्वारा मेच खेला गया। (कर्मवाच्य में बदलिए)

**4. निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

1. दिव्या ने कहा कि उसकी तबीयत ठीक नहीं है।
2. वह तुम्हें आने को कहेगा।
3. विकास ने तुमसे क्या पूछा?
4. रवि ने कक्षा में छोटी कहानी सुनाई।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** $1 \times 4 = 4$

1. वीर रस का स्थायी भाव लिखिए।
2. निम्नलिखित काव्यांश में निहित रस बताइए।
   ललन चलन सुनि पलन में आय गयो बहु नीर।
   अधखंडित बीरी रही, पीरी परी सरीर।।
3. घृणा किस रस का स्थायी भाव है?
4. ठुमुक चलत रामचंद्र बाजत पैंजनिया पंक्ति में रस बताइए।
5. अद्‌भुत रस का स्थाई भाव लिखिए।

## खण्ड-ग (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक) 34

**6. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 6

कातिक आया नहीं कि बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ शुरू हुईं, जो फागुन तक चला करतीं। इन दिनों वह सबेरे ही उठते। न जाने किस वक्त जगकर वह नदी-स्नान को जाते गाँव से दो मील दूर! वहाँ से नहा धोकर लौटते और गाँव के बाहर ही, पोखरे के ऊँचे भिंडे पर, अपनी खँजड़ी लेकर जा बैठते और अपने गाने टेरने लगते। मैं शुरू से ही देर तक सोने वाला हूँ, किन्तु एक दिन, माघ की उस दाँत किटकिटाने वाली भोर में भी उनका संगीत मुझे पोखरे पर ले गया था। अभी आसमान के तारों के दीपक बुझे नहीं थे। हाँ, पूरब में लोही लग गई थी जिसकी लालिमा को शुक्र तारा और बढ़ा रहा था। खेत, बगीचा और घर सब पर कुहासा छा रहा था। सारा वातावरण अजीब रहस्य से आवृत मालूम पड़ता था। उस रहस्यमय वातावरण में एक कुश की चटाई पर पूरब मुँह, काली कमली ओढ़े, बालगोबिन भगत अपनी खँजड़ी लिए बैठे थे। उनके मुँह से शब्दों का ताँता लगा था, उनकी अँगुलियाँ खँजड़ी पर लगातार चल रहीं थीं। गाते-गाते इतने मस्त हो जाते, इतने सुरूर में आते, उत्तेजित हो उठते कि मालूम होता, अब खड़े हो जाएँगे। कमली तो बार-बार सिर से नीचे सरक जाती। मैं जाड़े से कँपकँपा रहा था, किन्तु तारे की छाँव में भी उनके मस्तक के श्रमबिन्दु जब-तब चमक ही पड़ते।

1. बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ कब होती थीं? 2
2. लेखक को माघ की दाँत किटकिटाती भोर में पोखरे तक कौन ले गया था? उस समय का वातावरण कैसा था? 2
3. प्रभाती गाते समय बालगोबिन भगत का हाव-भाव कैसा था और उनकी शारीरिक मानसिक दशा कैसी हो रही थी? 2

**7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 4 = 8$

1. पानवाले के लिए यह एक मजेदार बात थी लेकिन हालदार साहब के लिए चकित और द्रवित करने वाली। इस पंक्ति में किस बात की ओर संकेत किया गया है?
2. बालगोबिन भगत का संगीत किस प्रकार लोगों के सिर चढ़कर बोलता था?
3. **लखनवी अंदाज** पाठ में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।
4. सिद्ध कीजिए कि बिस्मिल्लाह खाँ मिली-जुली संस्कृति के प्रतीक थे।
5. हालदार साहब की नेता जी के प्रति श्रद्धा को अपने शब्दों में लिखिए।

**8. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 6

नाथ संभुधनु भंजनिहारा।

होइहि केउ एक दास तुम्हारा।।
आयेसु काह कहिअ किन मोही।
सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही।।
सेवकु सो जो करै सेवकाई।
अरिकरनी करि करिअ लराई।।
सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा।
सहसबाहु सम सो रिपु मोरा।।
सो बिलगाउ बिहाइ समाजा।
न त मारे जैहहिं सब राजा।।
सुनि मुनिबचन लखन मुसुकाने।
बोले परसुधरहि अवमाने।।
बहु धनुही तोरी लरिकाई।
कबहूँ न असि रिस कीन्हि गोसाईं।।
येहि धनु पर ममता केहि हेतु।
सुनि रिसाइ कह भृगुकुलकेतु।।
रे नृपबालक कालबस बोलत तोहि न सँभार।
धनुही सम त्रिपुरारिधनु बिदित सकल संसार।।

1. परशुराम के क्रोधित होने का क्या कारण था? 2
2. परशुराम की ललकार पर श्रीराम ने क्या कहा? 2
3. लक्ष्मण के व्यंग्यपूर्ण वचन सुनकर परशुराम ने धनुष के बारे में क्या बताया? 2

**9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 4 = 8$

1. किसकी आवाज में हिचक साफ सुनाई देती है और क्यों?
2. परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन-कौनसे तर्क दिए?
3. कविता में बादल किन-किन अर्थों की ओर संकेत करता है?
4. गोपियों ने किसकी तुलना कड़वी ककड़ी से की है और क्यों?
5. सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का, आशय स्पष्ट कीजिए।

**10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए-** $3 \times 2 = 6$

1. **माता का अँचल** पाठ में बच्चा किसकी ओर ज्यादा आकर्षित होता है? स्पष्ट कीजिए।
2. जॉर्ज पंचम की लाट की नाक को पुनः लगाने के लिए मूर्तिकार ने क्या-क्या यत्न किए?
1. गैंगटॉक को मेहनतकश बादशाहों का **शहर** क्यों कहा गया है?

## खण्ड-घ (लेखन) 20

**11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए-** 10

**(1) भारत एवं साम्प्रदायिक एकता**
संकेत बिंदु : भूमिका ✲ भारत का गौरवपूर्ण इतिहास ✲ अनेकता में एकता ✲ साम्प्रदायिक एकता को बनाए रखने के उपाय ✲ उपसंहार।

**(2) जल संकट**
संकेत : प्रस्तावना ✲ जीवन में जल संकट का महत्व ✲ जल संकट के कारण एवं समस्याएँ ✲ समाधान ✲ उपसंहार।

**(3) आई.आई.टी- जे.ई.ई.**
संकेत : भूमिका ✲ आई.आई.टी. का इतिहास ✲ योग्यताएँ ✲ अन्य उपलब्धियाँ।

12. विद्यालय में खेलकूद की सामग्री की समुचित व्यवस्था कराने हेतु प्रधानाचार्य को एक पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए।

अथवा

5 मार्च, 2018 के नवभारत टाइम्स समाचार-पत्र में सहायक अध्यापकों की 100 रिक्तियाँ विज्ञापित हुई हैं। विज्ञापन दिल्ली सेवा चयन बोर्ड के अध्यक्ष की ओर से है। स्वयं को योग्य उम्मीदवार साबित करते हुए एक पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए।

13. होण्डा मोटर्स के मैनेजर को दो लेखाकारों की आवश्यकता है जिन्हें 5 वर्ष का अनुभव हो। 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

अथवा

चाय के किसी प्रचलित ब्राण्ड के लिए 25-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

Download Solved Version of this unsolved paper from www.cbse.online

This sample paper has been released by website www.cbse.online for the benefits of the students. This paper has been prepared by subject expert with the consultation of many other expert and paper is fully based on the exam pattern for 2019-2020. Please note that website www.cbse.online is not affiliated to Central board of Secondary Education, Delhi in any manner. The aim of website is to provide free study material to the students.

Download 20 Solved Sample Papers Free PDF from www.cbse.online or www.rava.org.in 

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 8 (2019-20)

## हिन्दी - अ (कोड-002)

## कक्षा-10

**निर्धारित समय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देशः-**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
2. सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

---

## खण्ड-क (अपठित अंश) 10

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िये और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 10

यदि हमसे कोई पूछे- आप कहाँ के निवासी हैं? तो साधारणतया सभी के मुख से अपने नगर, गाँव का, प्रांत का नाम निकलता है। परंतु इस सबसे ऊपर एक हमारी विशाल भूमि भी है, जिसमें ये नगर, गाँव और प्रांत समाये पड़े हैं और जिसमें एक प्रकार की ही शासन-प्रणाली, एक प्रकार की ही जीवन-पद्धति और एक प्रकार के ही आदर्श और संस्कृति दिखाई देते हैं। ऐसी ही भूमि को राष्ट्र कहते हैं और हमारा राष्ट्र है भारत। भारत देश हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक तथा पश्चिमी पाकिस्तान से लेकर बर्मा तक एक विशाल भूखंड है। इसमें अनेक राज्यों के होते हुए भी उन राज्यों को एक सूत्र में बाँधने वाली हमारी संसद और चुनाव पद्धति है। अनेक धर्मों और संप्रदायों के होते हुए भी आध्यात्मिकता तथा धार्मिक भावना के सूत्र से यहाँ के निवासी बँधे हुए हैं।

1. अनेक नगर, गाँव, प्रांत किसमें समाये हुए है? 2
2. राष्ट्र किसे कहा जाता है? 2
3. उपरोक्त गद्यांश में भारत का विस्तार कहाँ से कहाँ तक बताया गया है? 2
4. भारत के अनेक राज्यों और निवासियों को कौन एक सूत्र में बाँधे हुए है? 2
5. साधारणतया सबके मुख से किसका नाम निकलता है? 1
6. उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

## खण्ड-ख (व्यावहारिक व्याकरण) 16

2. **निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

1. जैसे ही हम घर से निकले, बारिश होने लगी। (वाक्य भेद लिखिए)
2. सोनू ने जब गृहकार्य कर लिया तब खेलने चला गया। (सरल वाक्य में बदलिए)
3. पिताजी बैग उठाकर ऑफिस चले गए। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)
4. माँ ने पुत्र को दूध पिलाया और सुला दिया (रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए)

3. **निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए।** $1 \times 4 = 4$

1. हरि ने पत्र लिखा। (कर्मवाच्य में बदलिए)
2. बिल्ली द्वारा चूहा पकड़ा गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)
3. मेरे द्वारा उपन्यास पढ़ा गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)
4. मैं बाहर नहीं आता। (भाववाच्य में बदलिए)

**4. निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

1. पिंकी और टिंकी पढ़ती हैं।
2. अनुज और उसका भाई खेलते हैं।
3. सरला और विमला दोनों स्कूल गई हैं।
4. माँ ने अभिमन्यु की वीरता की कहानी सुनाई।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** $1 \times 4 = 4$

1. श्रृंगार और शांत रसों के स्थायी भाव लिखिए।
2. निम्नलिखित काव्यांश में निहित रस बताइए।

   या लकुटी अरू कामरिया पर राज तिहूँ पुर को तजि डारौं।
   आठहुँ सिद्धि नवौ निधि के सुख नंद की गाई चराइ बिसारौं।।
   रसखान कबौं इन आँखिन सौं, ब्रिज के बन बाग तड़ाग निहारौं।
   कोटिक ए कलधौत के धाम करील के कुंजन ऊपर वारौं।।
3. मानव मन में जो भाव स्थायी रूप से विद्यमान रहते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?
4. **रति** किस रस का स्थायी भाव है?
5. प्रेमी और प्रेमिका के मिलन अर्थात् संयोग से प्राप्त आनंद को क्या कहा जाता है?

## खण्ड-ग (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक) 34

**6. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 6

नमक-मिर्च छिड़क दिए जाने से ताजे खीरे की पनियाती फाँकें देखकर पानी मुँह में जरूर आ रहा था, लेकिन इनकार कर चुके थे। आत्मसम्मान निभाना ही उचित समझा, उत्तर दिया, शुक्रिया, इस वक्त तलब महसूस नहीं हो रही, मेदा भी जरा कमजोर है, किबला शौक फरमाएँ।

नवाब साहब ने सतृष्ण आँखों से नमक-मिर्च के संयोग से चमकती खीरे की फाँकों की ओर देखा। खिड़की के बाहर देखकर दीर्घ निश्वास लिया। खीरे की /एक फाँक उठाकर होंठों तक ले गए। फाँक को सूँघा। स्वाद के आनंद में पलकें मूँद गईं। मुँह में भर आए पानी का घूँट गले से उतर गया। नवाब साहब ने फाँक को खिड़की से बाहर छोड़ दिया। तब नवाब साहब खीरे की फाँकों को नाक के पास ले जाकर, वासना से रसास्वादन कर खिड़की के बाहर फेंकते गए।

1. किसके मुँह में पानी आ रहा था और क्यों? 2
2. लेखक ने अपना आत्मसम्मान किस तरह से निभाया? 2
3. नवाब साहब ने खीरे की फाँकों का उपभोग किस तरह से किया? 2

**7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 4 = 8$

1. आपके विचार से पानवाला या कैप्टन में से असली लँगड़ा कौन है?
2. प्रभाती के लिए बालगोबिन भगत की दिनचर्या में पहला काम क्या था और कैसे पूरा होता था?
3. फादर की उपस्थिति देवदार की छाया जैसी क्यों लगती थी?
4. लेखिका मन्नू भण्डारी के व्यक्तित्व पर किन-किन व्यक्तियों का किस रूप में प्रभाव पड़ा?
5. पानवाला कैसा आदमी था? हालदार साहब का प्रश्न सुनकर उसकी प्रतिक्रिया कैसी थी?

**8. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 6

बादल गरजो!-
घेर-घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के-से पाले,
विद्युत छबि उर में, कवि नवजीवन वाले!
वज्र छिपा, नूतन कविता
फिर भर दो-
बादल-गरजो!

विकल विकल, उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाघ के सकल जन,
आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन!
तप्त धरा, जल से फिर
शीतल कर दो–
बादल, गरजो!

1. कवि तथा कविता का नाम बताइए। 2
2. कवि बादल को गरजने के लिए क्यों कह रहा है? 2
3. कवि बादल को क्या घेरने के लिए कह रहा है? 2

9. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30–40 शब्दों में लिखिए–** $2 \times 4 = 8$

1. कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस प्रकार अभिव्यक्त किया है?
2. लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या–क्या विशेषताएँ बताईं?
3. सफलता के चरम शिखर पर पहुँचने के दौरान यदि व्यक्ति लड़खड़ाते हैं तब उसे सहयोगी किस तरह सँभालते हैं?
4. कविता के आधार पर नागार्जुन के पितृ–हृदय पर प्रकाश डालें अथवा उनके स्वभाव को समझाएँ।
5. कवि ने बादल से क्या प्रार्थना की है और क्यों?

10. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

1. **माता का अँचल** पाठ को पढ़ते हुए आपको अपने माता–पिता द्वारा दिया लाड़–प्यार याद आया होगा। आपके माता–पिता आपके प्रति लाड़–प्यार का प्रदर्शन कैसे करते हैं?
2. नाक मान–सम्मान और प्रतिष्ठा का द्योतक है। यह बात पूरी व्यंग्य रचना में किस तरह उभरकर आई है, लिखिए।
3. जितेन नार्गे की भूमिका के बारे में विचार करते हुए लिखिए कि एक कुशल गाइड में क्या गुण होते हैं?

## खण्ड–घ (लेखन) 20

11. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए–** 10

**(1) सूचना प्रौद्योगिकी का समाज पर प्रभाव**

संकेत बिंदु : सूचना प्रौद्योगिकी का अर्थ ✼ समाज पर प्रभाव ✼ इसके लाभ ✼ सूचना ढाबा ✼ उपसंहार

**(2) पेड़–पौधे और हम**

संकेत : भूमिका ✼ प्रकृति द्वारा मानव का पालन–पोषण ✼ वृक्षों के लाभ ✼ उपसंहार।

**(3) उपभोक्तावाद का जीवन पर प्रभाव**

संकेत : भूमिका ✼ उपभोक्तवादी संस्कृति का दुष्प्रभाव ✼ नैतिक मूल्यों का ह्रास ✼ उपसंहार

12. **आर्थिक सहायता हेतु अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक पत्र लगभग 80–100 शब्दों में लिखिए।** 5

**अथवा**

**आपका मित्र किसी दुर्घटना में घायल हो गया और उसे अस्पताल में दाखिल होना पड़ा। कुशलक्षेम पूछते हुए उसे एक पत्र लगभग 80–100 शब्दों में लिखिए।**

13. **जुकाम व बुखार में काम आने वाले आयुर्वेदिक उत्पाद का आकर्षक विज्ञापन 25–50 शब्दों में लिखिए।** 5

**अथवा**

**ज्वैलरी ऑफर पर 25–50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।**

Download Solved Version of this unsolved paper from www.cbse.online

This sample paper has been released by website www.cbse.online for the benefits of the students. This paper has been prepared by subject expert with the consultation of many other expert and paper is fully based on the exam pattern for 2019-2020. Please note that website www.cbse.online is not affiliated to Central board of Secondary Education, Delhi in any manner. The aim of website is to provide free study material to the students.

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 10 (2019-20)

## हिन्दी - अ (कोड-002)

## कक्षा-10

**निर्धारित समय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देशः-**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
2. सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

---

## खण्ड-क (अपठित अंश) 10

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िये और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 10

आत्मविस्तार का मतलब है हमारे पास जो कुछ अच्छा है उसे प्रकृति में बाँटें। प्रकृति विराट है और उसमें जड़-चेतन सारे प्राणी समाविष्ट हैं। मैं कुछ नहीं हूँ, किसी अदृश्य शक्ति का दिया हुआ उपहार हूँ। प्रकृति ने हमारे लिए सारे संसाधन जुटाए हैं। प्रकृति स्वयं हमें उपहार के रूप में ग्रहण एवं स्वीकार करती है। हमें यह भली-भाँति समझना चाहिए कि अगर हम उसके लिए उपहार नहीं होते, तो प्रकृति हमारे पालन-पोषण, सुरक्षा, संवर्धन के लिए इतने संसाधन नहीं जुटाती। प्रकृति हमारी हर सुख-सुविधा का ध्यान रखती है। प्रकृति के लिए हममें से कोई छोटा-बड़ा नहीं है। वह सब पर समभाव से स्नेह वर्षा करती है। यह सब कुछ निःशुल्क है। क्या कभी हम निःस्वार्थ भाव से किसी की सेवा-सहायता के लिए प्रस्तुत होते हैं? प्रस्तुत होने की बात दूर, इन चीजों पर हमारा कभी ध्यान ही नहीं रहता है। यहाँ तक कि अनंतवत्सला प्रकृति को प्रेम से कुछ पल देखने के लिए हम कभी समय ही नहीं निकालते हैं। प्रकृति से साक्षात्कार नहीं होने के कारण मनुष्य अपनी मूल प्रकृति से कोसों दूर है। उसकी प्रवृत्ति प्रकृतिजन्य नहीं है अर्थात् वह अपने स्वभाव में नहीं है।

1. प्रकृति किस पर स्नेह वर्षा करती है? 2
2. आत्मविस्तार से क्या तात्पर्य है? स्पष्ट कीजिए। 2
3. प्रकृति के लिए किस प्रकार हम एक उपहार हैं? उल्लेख कीजिए। 2
4. मनुष्य अपनी मूल प्रकृति से कोसों दूर क्यों है और उसकी मूल प्रवृत्ति कैसी है? 2
5. हमारे लिए सारे संसाधन किसने जुटाए हैं? 1
6. उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

## खण्ड-ख (व्यावहारिक व्याकरण) 16

2. **निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।** $1 \times 4 = 4$
   1. रवि ने बाल कटवाए पर संतुष्ट नहीं है। (सरल वाक्य में बदलिए)
   2. उसके स्टेशन पर पहुँचते ही गाड़ी चल दी। (मिश्र वाक्य में बदलिए)
   3. मैंने एक बहुत बीमार आदमी को देखा है। (वाक्य भेद लिखिए)
   4. वहाँ एक नलकूप है जो बिजली से चलता है। (रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए)

3. **निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए।** $1 \times 4 = 4$
   1. रघु खाना पकाता है। (कर्मवाच्य में बदलिए)
   2. नानी के द्वारा कहानी सुनाई गई। (कर्तृवाच्य में बदलिए)
   3. यश नहीं सोता। (भाववाच्य में बदलिए)

4. मुकेश द्वारा किताब खरीदी गई। (कर्मवाच्य में बदलिए)

**4. निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

1. हाथी बुद्धिमान पशु होता है।
2. रमेश ईमानदार और विश्वास के योग्य बालक है।
3. झूठा आदमी सम्मान नहीं पाता।
4. चूहे बहुत तेज दौड़ते हैं।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** $1 \times 4 = 4$

1. अद्‌भुत और शांत रस के स्थायी भाव लिखिए।
2. निम्नलिखित काव्यांश में निहित रसों के नाम लिखिए-
   करती विकल विलाप, अहिल्या हुई अचेतन।
   मानो उसके अरमानो का नत था केतन।।
3. स्थायी भाव कितने होते हैं?
4. **भगवद्‌रति** किस रस का स्थायी भाव है?
5. निम्न काव्य पंक्ति में प्रयुक्त रस का नाम लिखिए-
   निसदिन बरसत नयन हमारे
   सदा रहत पावस ऋतु हम पै जब ते स्याम सिधारे।

## खण्ड-ग (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक) 34

**6. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 6

काशी संस्कृति की पाठशाला है। शास्त्रों में आनंदकानन के नाम से प्रतिष्ठित है। काशी में कलाधर हनुमान व नृत्य विश्वनाथ हैं। काशी में हजारो सालों का इतिहास है जिसमें पंडित कंठे महाराज हैं। विद्याधरी हैं, बड़े रामदासजी हैं, मौजुद्दीन खाँ है व इन रसिकों से उपकृत होने वाला अपार जन-समूह है। यह एक अलग काशी है, जिसकी अलग तहजीब है। अपनी बोली और अपने विशिष्ट लोग हैं। इसके अपने उत्सव हैं। अपना गम। अपना सेहरा-बन्ना और अपना नौहा। आप यहाँ संगीत को भक्ति से, भक्ति को किसी भी धर्म के कलाकार से, कजरी को चैती से, विश्वनाथ को विशालाक्षी से, बिस्मिल्लाह खाँ को गंगाद्वार से अलग करके नहीं देख सकते।

1. काशी शास्त्रों में किस नाम से प्रतिष्ठित है? 2
2. काशी का जनसमूह किन रसिकों से उपकृत है? 2
3. काशी एक अलग काशी है, इसका क्या कारण है? 2

**7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 4 = 8$

1. भादों की अंधेरी बरसाती रातों की निस्तब्धता को बालगोबिन भगत कैसे संगीतमय बना देते थे?
2. **लखनवी अंदाज** पाठ के नवाब साहब खीरे को खाए बिना ही कैसे तृप्त हो गए?
3. लेखिका को बचपन में रसोईघर से दूर रहने के लिए किसने और क्यों मजबूर किया?
4. फादर बुल्के ने सन्यासी की परम्परागत छवि से अलग एक नई छवि प्रस्तुत की है, कैसे?
5. हालदार साहब की नेताजी के प्रति श्रद्धा को अपने शब्दों में लिखिए।

**8. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 6

छाया मत छूना
मन, होगा दुख दूना।
जीवन में हैं सुरंग सुधियाँ सुहावनी
छवियों की चित्र-गंध फैली मनभावनी;
तन सुगंध शेष रही, बीत गई यामिनी,

कुंतल के फूलों की याद बनी चाँदनी।
भूली-सी एक छुअन बनता हर जीवित क्षण-
छाया मत छूना
मन, होगा दुख दूना।

1. **छाया** का प्रतीकार्थ स्पष्ट कीजिए। 2
2. चाँदनी को देखकर कवि को किसकी याद आती है? 2
3. **भूली सी एक छुअन** से कवि का क्या आशय है? 2

9. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 4 = 8$

1. गोपियों ने अपने वाक्‌चातुर्य के आधार पर ज्ञानी उद्‌भव को परास्त कर दिया। उनके वाक्‌चातुर्य की विशेषताएँ लिखिए।
2. परशुराम की धमकी पर लक्ष्मण की क्या प्रतिक्रिया हुई?
3. **अट नहीं रही है**, कविता के आधार पर फागुन की मस्ती का वर्णन कीजिए।
4. संगतकार की आवाज सुंदर, कमजोर और काँपती हुई क्यों नजर आती है?
5. उन्मन और विकल कौन हैं और क्यों हैं?

10. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए-** $3 \times 2 = 6$

1. रानी एलिजाबेथ के दर्जी की परेशानी का क्या कारण था?
2. जितेन नार्गे की भूमिका के बारे में विचार करते हुए लिखिए कि एक कुशल गाइड में क्या गुण होते हैं?
3. माता का अँचल पाठ के आधार पर यह कहा जा सकता है कि बच्चे का अपने पिता से अधिक जुड़ाव था, फिर भी विपदा के समय वह पिता के पास न जाकर माँ की शरण लेता था। आपकी समझ से इसकी क्या वजह हो सकती है?

## खण्ड-घ (लेखन) 20

11. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए-** 10

**(1) इंटरनेट**
संकेत बिंदु : भूमिका * इंटरनेट क्या है * इसका इतिहास और विकास * इसकी उपयोगिता एवं कार्य क्षेत्र * उपसंहार।

**(2) भूमण्डलीय उष्णता (ग्लोबल वार्मिंग)**
संकेत : प्रस्तावना * इसका अर्थ * इसके कारण तथा इसका प्रभाव * उपसंहार-इसके निदान के उपाय।

**(3) वैश्विक आतंकवाद**
संकेत : प्रस्तावना * विश्व में आतंकवाद कहाँ-कहाँ फैला है * भारत में आतंक ने क्या नुकसान पहुँचाया है * विश्व के देशों की प्रतिक्रिया * उपसंहार।

12. **अपने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने हेतु अपने पुलिस अधिकारी को एक पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए।** 5

**अथवा**

**आपकी बहन आठवीं कक्षा में है। शिक्षा के प्रति अनुशासित व सचेत रहने की सलाह देते हुए अपनी बहन को एक पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए।**

13. **किसी शैक्षणिक संस्थान में उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु 25-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।** 5

**अथवा**

**किसी प्रिय पुस्तक के बारे में एक आकर्षक विज्ञापन 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।**

Download Solved Version of this unsolved paper from www.cbse.online